>

Title: Regarding construction of elevated railway track in Thaneshwar, Kurukshetra.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का अवसर प्रदान किया, मैं आपका आभारी हूँ ।

सबसे पहले मैं कुरुक्षेत्र की जनता का धन्यवाद करता हूँ, जिसके माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह जी ने मुझे यहाँ आने का अवसर प्रदान किया ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान कुरुक्षेत्र के अति महत्त्वपूर्ण मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूँ । कुरुक्षेत्र एक धार्मिक नगरी है, जहाँ भगवान श्रीकृष्ण जी ने गीता का संदेश दिया । कुरुक्षेत्र में थानेश्वर एक पुराना शहर है । कुरुक्षेत्र की ज्यादा आबादी थानेश्वर में ही रहती है । कुरुक्षेत्र के अंदर ही थानेश्वर एक पुरानी सिटी है । वहाँ से एक रेल लाइन निकलकर कैथल की ओर जाती है । यह छह किलोमीटर का एरिया है । इस छह किलोमीटर के एरिया में रेलवे के चार फाटक पड़ते हैं । जब रेल आती है, तो चारों फाटकें एक ही समय में बंद हो जाते हैं । इसके कारण पूरा थानेश्वर शहर रुक जाता है । स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को इससे बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । आमजन को भी बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । यदि कोई एमरजेंसी मरीज आता है, तो उसे भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ।

इसके साथ ही, कुरुक्षेत्र एक धार्मिक नगरी भी है । यहाँ हर रोज हजारों पर्यटक आते हैं । पर्यटकों को भी बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है । इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि उस छह किलोमीटर के एरिया में एक एलिवेटेड रेल ट्रैक बनाया जाए ताकि वहाँ के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री नायब सिंह सैनी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।